देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 224 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**प्रदूषण कम करने को उठाए सख्त कदम




# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 10 दिसंबर 2021




मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 12.0°

40243.39

2 अंतरिक्ष में मिला विशालकाय ग्रह

7 क्या खत्म हो रहा है विराट कोहली युग

# 378 दिन बाद किसान आंदोलन खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कृषि कानूनों की वापसी के बाद किसानों की बाकी मांगों पर भी सरकार की तरफ से पुख्ता भरोसा मिलने के बाद किसान आंदोलन खत्म हो गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान आंदोलन को सस्पेंड करने का ऐलान कर दिया है। 11 दिसंबर से किसान अपने घरों को लौटने शुरू हो जाएंगे। दिल्ली की सीमाओं पर पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से किसान आंदोलन कर रहे थे। संयुक्त किसान मोर्चा ने साफ किया है कि आंदोलन सस्पेंड हो रहा है, हर महीने स्थिति की समीक्षा होगी। 15 जनवरी को समीक्षा बैठक होगी।

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक के बाद किसान नेताओं ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें बहुत ही जोर देकर और कई बार कहा कि आंदोलन सस्पेंड हो रहा है, स्थगित हो रहा है। उन्होंने साफ किया कि अगर सरकार अपने वादों से पीछे हटेगी तो किसान फिर सड़कों पर उतरेंगे। किसान नेताओं ने तंजिया लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काले कानून लाने के लिए धन्यवाद क्योंकि इससे किसानों में जागरूकता और अभूतपूर्व एकता पैदा हुई।

एमसपी पर कमिटी बनाने और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज हुए केस को वापस लेने को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से लिखित आश्वासन के बाद किसानों में आंदोलन खत्म करने पर सहमति बनी। आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजे के मसले पर यूपी और हरियाणा की सरकारों ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। केंद्र की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर गुरुवार सिंघु बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा ने बैठक की। बैठक में इस बात पर सहमति बन गई कि आंदोलन खत्म किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक शुरू होने से पहले ही आंदोलन स्थलों से किसानों ने अपने टेंट हटाने शुरू कर दिए थे।

किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि किसान 11 दिसंबर को विजय जुलूस के साथ अपने–अपने घरों को लौटना शुरू करेंगे। दर्शनपाल सिंह ने भी कहा कि किसान 11 दिसंबर को सड़कें खाली कर देंगे।

किसानों की मांगें माने जाने को किसान संगठनों ने आंदोलन की बड़ी जीत करार दिया है। हालांकि, आज संयुक्त किसान मोर्चा ने जीत का जश्न नहीं मनाने का फैसला किया है।

## दिल्ली के बार्डर से किसान आंदोलन स्थगित करने का ऐलान

**सैन्य अफसरों के शहीद होने पर मनाएंगे शोक**

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से कहा गया है कि किसान आंदोलन खत्म होने का कोई जश्न शुक्रवार को नहीं मनाया जाएगा। दरअसल, तमिलनाडु में हेलीकाप्टर क्रैश में सीडीएस बिपिन रावत समेत 11 लोगों के मारे जाने पर संयुक्त किसान मोर्चा शुक्रवार को शोक मनाएगा। इस दौरान किसी तरह का कोई जश्न नहीं होगा।



### हम 15 दिसंबर को एक मीटिंग करेंगेः राकेश टिकैत

राकेश टिकैत ने अपने बयान में कहा कि, किसानों और सरकार के बीच ज्यादातर मुद्दों पर सहमति बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि, किसान आगामी 11 दिसंबर से दिल्ली बॉर्डर को खाली करना शुरु कर देंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि बॉर्डर खाली होने में अभी थोड़ा वक्त लगेगा। वहीं किसान मोर्चा ने अपने एक बयान में कहा है कि, हम 15 दिसंबर को एक मीटिंग करेंगे। अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो हम आगे दोबारा आंदोलन कर सकते हैं।

### दिल्ली–एनसीआर के लाखों लोगों को मिलेगी राहत

किसान आंदोलन वापस होने के बाद दिल्ली–एनसीआर के लाखों लोगों को राहत मिलेगी। दिल्ली–एनसीआर के चारों बार्डर पर बैठे किसान आंदोलन खत्म करेंगे तो लोगों की आवाजाही आसान हो जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली–एनसीआर का चार बार्डर पर यूपी, हरियाणा के किसान तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए लंबे समय से विरोध–प्रदर्शन कर रहे है। बृहस्पतिवार सुबह किसान नेता ने अशोक धवले ने बताया था कि कृषि मंत्रालय की ओर से संयुक्त किसान मोर्चा के 5 सदस्यीय कमेटी के पास आधिकारिक पत्र आ चुका है। मोर्चा की बैठक में ये पत्र रखा जाएगा और उसपर अंतिम निर्णय होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोरोना के 9419 नए मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के नए मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। वैसे तो नए मामले कई दिनों से 10 हजार से नीचे ही बने हुए हैं। देखा जाए तो देश में महामारी को काबू किया गया है, लेकिन नए वेरिएंट ओमिक्रोन के मामले मिलने के बाद एक बार फिर से लोगों में गंभीरता देखी जा सकती है। अभी कुछ राज्यों में ही इस नए वेरिएंट के मामले रिपोर्ट हुए हैं, लेकिन इसको लेकर सावधानी बरतनी चाहिए।

### विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने रचाई शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विक्की कौशल और कटरीना कैफ के फैंस के लिए इंतजार खत्म हो गया है। यह स्टार कपल शादी के बंधन में बंध गया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेसेंज फोर्ट बरवाड़ा में विक्की कौशल और कटरीना कैफ की शादी की तैयारियां चल रही थीं। कुछ देर पहले ही इन दोनों ने सात फेरे लेकर अपनी शादी कर ली है।

# पीएम ने सीडीएस और अन्य शहीदों को पालम एयरपोर्ट पर दी श्रद्धांजलि

## सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन से पूरे देश में शोक की लहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के निधन से पूरा देश स्तब्ध है। हर कोई उन्हें नम आंखों से अपनी श्रद्धांजलि दे रहा है। मद्रास रेजीमेंटल सेंटर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के पार्थिव शरीर को रखा गया था। यहां पर सैनिक सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद इन्हें वायु सेना के विमान से दिल्ली लाया गया। उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन भी पहुंचे थे। तेलंगाना की गवर्नर और पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलसई सुंदराजन ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया गया। एयरपोर्ट के रास्ते में उनके पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश की गई।

पीएम मोदी बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे पालम एयरपोर्ट पर दिवंगत सीडीएस बिपिन रावत और अन्य सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तीन सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। सीडीएस और सशस्त्र बलों के अन्य जवानों का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे दिल्ली पहुंचे। सैन्य विमान दुर्घटना में मारे गए जवानों के परिवार के कुछ सदस्य भी मौजूद रहें।

श्रीनगर में चिनार कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे ने बारामूला के शेरवानी कम्युनिटी हाल में सीडीएस जनरल बिपिन रावत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उरी, बारामूला और कश्मीर के लोगों के साथ उनका संबंध किसी और जैसा नहीं था। हमें इस नुकसान से उबरने में समय लगेगा।

**कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलिः** कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

### तीनों सेनाओं के दल ने शुरु की जांच

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों को बताया कि, तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे की जांच एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में तीनों सेनाओं के एक दल ने शुरू कर दी है। सिंह ने बताया कि, इस दुर्घटना में एक मात्र जीवित बचे ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह वेलिंगटन के सैन्य अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं और उन्हें बचाने के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

# हेलीकाप्टर क्रैश में बचे ग्रुप कैप्टन लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कुन्नूर हेलीकाप्टर हादसे की भेंट चढ़े सीडीएस जनरल बिपिन रावत समेत अन्य 13 पर पूरा देश शोक मना रहा है। कुन्नूर हादसे में केवल ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह ही जिंदा बचे हैं और उनका भी इलाज वैलिंगटन के अस्पताल में चला। आगे के इलाज के लिए कमांड अस्पताल, बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया। वे फिलहाल लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं और उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। इसकी जानकारी रक्षा मंत्री ने संसद को दी है। जिस जगह ये हादसा हुआ, वो लैंडिंग की जगह से महज दस मिनट की दूरी पर थी।

बता दें कि कैप्टन वरुण बेहद अनुभवी पायलट हैं। उन्हें शौर्य चक्र से नवाजा जा चुका है। ये शांति के समय में दिया जाने वाला सबसे बड़ा पदक है। आपको बता दें कि जनरल रावत सेना के दूसरे सर्वोच्च अधिकारी थे जिनकी मौत पद पर रहते हुए हुइ थी। इससे पहले जनरल बिपिन चंद जोशी (बीसी जोशी) का निधन उस वक्त हुआ था जब वो सेनाध्यक्ष थे।

ये पदक उन्हें एलसीए तेजस की उड़ान के दौरान सामने आई आपात स्थिति में खुद को सावधानी से सकुशल बचाने के लिए दिया गया था। 12 अक्टूबर 2020 को वो तेजस की उड़ान पर थे। इस विमान को वो अकेले उड़ा रहे थे। तभी इस विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई। विमान के फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम में आई गड़बड़ी आ गई और विमान का लाइफ सपोर्ट सिस्घ्टम भी फेल होने लगा था। उस वक्घ्त वो अपने एयरबेस से काफी दूर थे और उनकी ऊंचाई भी काफी अधिक थी। काकपिट का प्रेशर सिस्टम खराब आने से लगातार हालात खराब हो रहे थे। उन्होंने बिना देर लगाए न सिर्फ स्थिति को संभाला और सही फैसला भी लिया।

### आस

■इलाज के लिए बेंगलुरु लाया गया


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कोरोना गया नहीं कि बर्ड फ्लू ने फिर दी दस्तक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### केरल के अलाप्पुझा जिले में मिले केस, पक्षियों को मारने के निर्देश

तिरुवनंतपुरम। देश में कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई कि बर्ड फ्लू ने एकबार फिर दस्तक दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के अलाप्पुझा जिले के पुरक्कड़ से भेजे गए बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान की भोपाल स्थित प्रयोगशाला में इन नमूनों को भेजा गया था जहां से इनके एच–5एन–1 इन्फ्लूएंजा वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

वायरस की रोकथाम के लिए केरल के पशु चिकित्सा अधिकारियों ने थाकाझी ग्राम परिषद में पक्षियों को मारने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए 10 टीमें गठित की गई हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह वायरस हवा के जरिए तेजी से फैल सकता है। इंसानों पर इसका असर कम ही देखा गया है। इस वाकए से अलाप्पुझा जिले के किसानों को बड़ा झटका लगा है क्योंकि क्रिसमस का सीजन नजदीक है जिसमें की भारी मांग होती है। हाल ही में राजस्थान के नागौर जिले के सांभर झील क्षेत्र में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि हुई थी।